प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र में आज विधानसभा में गूंजा बेरोज़गारी का मुद्दा : संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा– सरकार पारदर्शी ढंग से दे रही है युवाओं को रोज़गार।
2. महाकुंभ के समापन के बाद मेला क्षेत्र में आज से शुरू हुआ विशेष स्वच्छता अभियान : 15 दिनों तक स्वच्छता मित्र और गंगा सेवा दूत करेंगे सफाई।
3. प्रदेश में आज हुए दो अलग अलग सड़क हादसो में 8 लोगों की मौत, 6 लोग घायल।

और

4. राज्य के पश्चिमी इलाकों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारीः मौसम विभाग ने कल के लिए जारी किया बारिश का यलो अलर्ट।

————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र में आज वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट पर चर्चा हुई। विधानसभा की कारवाई के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। विधानसभा में शून्य प्रहर में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने बेरोजगारी और परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने का मुददा उठाया। सपा सदस्यो के नौकरियों में आरक्षण

समाप्त होने के मुददे पर जवाब देते हुए संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सरकार पारदर्शी तरीके से लोगों को नौकरियां देने का काम कर रही है। बाइट.....

*सरकार की मंशा अगर देखी जाये और उसने प्रमाण भी दिया है। सरकारी नौकरी से लेकर निजी, लेकिन हर स्तर तक हम बात की कोशिश किया है कि हम बेरोजगारों को हर हालत में रोजगार दे और जो हुनरमंद होता है किसी न किसी रूप में वो खाली नहीं है। ये सरकार पूरी तरीके से बेरोजगारों के साथ है। हर प्रयास इस बात का है हम उन लोगों के साथ खड़े हो।*

सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने सदन से वॉक आउट किया। शून्य प्रहर के बाद शुरू हुई बजट पर चर्चा में भाजपा के पंकज सिह, अंजुला माहौर, और समाजवादी पार्टी से शिवपाल यादव, डा0 रागिनी सोनकर सहित अन्य विधायकों ने हिस्सा लिया। विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी ने निजीकरण और आरक्षण का मुद्दा उठाया।

जवाब में नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि सरकार आरक्षण के पक्ष में है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय बहादुर पाठक ने महाकुम्भ के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि तीर्थराज प्रयाग में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। सभापति ने धन्यवाद प्रस्ताव को स्वीकार किया।

————————

महाकुंभ के समापन के बाद भी प्रयागराज में श्रद्धालुओं के पहुंचने और पावन स्नान का सिलसिला जारी है। सभी श्रद्धालु साफ और स्वच्छ संगम में स्नान कर सकें, इसके मद्देनज़र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रयागराज में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम मे आज से प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू हो गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*45 दिनों तक चले महाकुंभ के समापन के बाद आज से मेला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान शुरु हो गया है। 15 दिनों तक चलने वाले इस विशेष अभियान में स्वच्छता मित्र और गंगा सेवा दूत संगम क्षेत्र, घाटों, मंदिरों और सड़कों की सफाई करेंगे। साथ ही मेला क्षेत्र में लगाये गये 1.5 लाख अस्थाई शौचालयों को भी डिसमेंटल कर हटाया जाएगा। मेला क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण नैनी स्थित बसवार प्लांट में किया जाएगा। मेला क्षेत्र में लगाये गये साधु–संन्यासियों और कल्पवासियों के टेंट हटाने के साथ है नगर निगम प्रयागराज शहर को हरित, साफ और स्वच्छ बनाने के काम में जुट गया है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

————————

महाकुंभ के समापन के बाद आज त्रिवेणी संगम तट पर श्री महंत राम गोपाल दास महाराज के शिविर में स्वच्छता कर्मियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दिगम्बर अखाड़े के श्री महंत राम गोपाल दास महाराज ने कहा कि महाकुंभ में स्वच्छता कर्मियों के अथक परिश्रम के लिए आज उन्हें सम्मानित किया गया है।

———————

प्रदेश भर में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। हर साल 28 फरवरी को महान वैज्ञानिक, सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। म्ख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए सभी वैज्ञानिकों और प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लखनऊ में भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान दिया। इस मौके पर छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने छात्रों को हमेशा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। बाइट.....

*व्यक्ति आईआईटी या मेडिकल में सेलेक्ट नहीं हो जाता अगर हर व्यक्ति डॉक्टर, इंजिनियर बनता है है तो दुनिया में कोई सांइटिस्ट तो बनता ही नहीं, इसी को ध्यान रखना है आप की डेस्टिनी अपनी जगह है आप को ध्यान में रखना है। अपना वेस्ट दीजिये बाद में देखा जायेगा और इसका एक वर्ल्ड साल्यूशन है ये हो गया आगे क्या।*

गोरखपुर, अमरोहा और जौनपुर में भी विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

———————

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की सफाई कराने को आज मंजूरी दे दी है। जस्टिस रोहित

रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए ये मंजूरी दी है। हालांकि कोर्ट ने रंगाई पुताई, मरम्मत औऱ लाइटिंग को लेकर कोई आदेश नहीं दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया मस्जिद परिसर में साफ सफाई कराएगा। इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय मंगलवार 4 मार्च को अपना फैसला सुनाएगा।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए जल्दी ही बागपत ,कासगंज और हाथरस में पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप मोड के तहत मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। साथ ही बलरामपुर में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के सैटेलाइट सेंटर को मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देते हुए वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज के तहत प्रदेश सरकार ने इन परियोजनाओं को वायबिलिटी गैप फंडिंग के तहत मंजूरी दी है, जिससे सरकारी और निजी साझेदारी के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। बागपत, कासगंज और हाथरस में मेडिकल कॉलेजों के संचालन के लिए न्यूनतम निविदादाता के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। यह मैडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर स्थापित किए जाएंगे, जिसमें सरकारी सहयोग के साथ–साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने राज्यपाल को मंदिर के निर्माण के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही राज्यपाल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का भ्रमण कर वहां की निर्माणाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को समय से गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद भी किया।**

———————

**संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के 41वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। 'बौद्ध धम्म सम्मेलन' में संस्कृति मंत्री ने कहा कि 70 देशों के**

श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई और बौद्ध भिक्षुओं ने वहां पर समाज सेवा का कार्य भी किया।

————————

प्रदेश में आज हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। पहले हादसे में प्रयागराज महाकुंभ से भोपाल जा रहे श्रद्धालुओं की कार की महोबा में ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं चंदौली के नौगढ़ में  ट्रक और कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए।

————————

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में आज सुबह से रुक—रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। जौनपुर, पीलीभीत, श्रावस्ती, शामली, अमरोहा और मुज़फ्फरनगर में बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वीऔर पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है। बाइट......

*उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग से जैसा कि एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है राजस्थान के ऊपर इसके वजह से जो हमारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश है वहां पर मध्यम बारिश गरज और चमक के साथ इसमें तेज हवाओं का चलन है*

*आज के लिये हमने हेल का भी अर्ल्ट दे रखा है। स्पेशली तराई बेल्ट में भी हकीकत की बात करे तो कल भी हल्का फुल्का बारिश हो सकता है, तो आज और कल आपको ख्याल रखने की जरूरत है।*

---

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित उम्मीद संस्था ने भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने को लेकर एक पहल की है। इस संस्था ने स्माइल परियोजना के माध्यम से भिक्षावृत्ति को खत्म करने की योजना बनाई है। इसके लिए संस्था और बुद्ध पी जी कॉलेज कुशीनगर के बीच समझौता किया जाएगा।

(समाप्त)